समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 28 August 2026

# महाराष्ट्र मे ‘बेस्ट रेसिडेशियल एंड कमर्शियल सोलर प्रोवाइडर’ का खिताब मिला श्री सुशील रांगरी को

Publisher Published on 01 Oct 2025




चंद्रपुर – महाराष्ट्र बिज़नेस अवॉर्ड्स 2025 के चौथे संस्करण में इंडियन सोलर कंपनी और इसके निदेशक श्री सुशील रांगरी को ‘बेस्ट रेसिडेंशियल एंड कमर्शियल सोलर प्रोवाइडर इन महाराष्ट्र’ के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाज़ा गया। यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, दूरदर्शी सोच और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान का परिणाम है।

सुशील रांगरी की यात्रा साधारण शुरुआत से होकर आज एक प्रेरणादायी मुकाम तक पहुंची है। उन्होंने इंडियन सोलर को ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता का प्रतीक बना दिया है। ग्राहक संतुष्टि, टिकाऊ समाधान और उच्च मानकों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण कंपनी ने न केवल चंद्रपुर बल्कि पूरे महाराष्ट्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।

इंडियन सोलर की कहानी केवल व्यावसायिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण का भी उदाहरण है। रांगरी के नेतृत्व में कंपनी ने रोजगार सृजन, ऊर्जा बचत और स्वच्छ भविष्य की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। यह सम्मान रीसील.इन द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में दिया गया, जिसमें अभिनेत्री और व्यवसायी प्राजक्ता माली मुख्य अतिथि रहीं। उनकी मौजूदगी ने इस अवसर को और भी यादगार बना दिया।

सुशील रांगरी की उपलब्धि यह दर्शाती है कि संकल्प और मेहनत से हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल की जा सकती हैं। ‘बेस्ट रेसिडेंशियल एंड कमर्शियल सोलर प्रोवाइडर’ का यह खिताब न केवल उनकी वर्तमान सफलता को मान्यता देता है, बल्कि आने वाले समय के लिए प्रेरणा भी प्रदान करता है। इंडियन सोलर की यह उपलब्धि यह साबित करती है कि जब व्यवसायिक दृष्टिकोण समाज और पर्यावरण हित से जुड़ता है तो वह स्थायी विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.